Printed Pages—4

3 (Sem–4) HIN M 1

2015

HINDI

(Major)

Paper : 4.1

(Chhayavad-Purv Evam Chhayavadyugin Kavyadharayen)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पठित पाठ के आधार पर पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'भारत-भारती' का प्रकाशन-काल लिखिए।

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ था?

(ग) 'प्रभा' के प्रथम सम्पादक कौन थे?

(घ) 'उर्मिला' काव्य-कृति के रचनाकार कौन हैं?

(ङ) 'झरना' के कवि कौन हैं?

(च) 'कामायनी' के पंचम सर्ग का नाम क्या है?

(छ) इड़ा किसका प्रतीक है?

(ज) किस उम्र में 'निराला' की शादी हुई थी?

(झ) किस कृति के लिए 'पंत' जी को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था? चिदम्बरा

(ञ) 'प्रेम पुष्पहार' किनकी कृति है?

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) महादेवी वर्मा की कविताओं की भावभूमि क्या है?

(ख) दिनकर क्या गाँधीवादी कवि थे? सतर्क उत्तर दीजिए।

(ग) कवि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का सामान्य परिचय दीजिए।

(घ) "दोनों ओर प्रेम पलता है।" आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "ओ चिंता की पहली रेखा,
अरी विश्व-वन की व्याली।"

यहाँ चिंता के लिए 'व्याली' का प्रयोग क्यों किया गया है?

3. किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'पुष्प की अभिलाषा' में कौन-सी राष्ट्रीय-चेतना का चित्रण हुआ है, लिखिए।

(ख) स्वतंत्रता संग्राम में बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का किस प्रकार का योगदान रहा है?

(ग) "सोचा मन में, वह शकुंतला
पर पाठ अन्य यह, अन्य कला।"

सन्दर्भ स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'परिवर्तन' कविता के माध्यम से कवि क्या सन्देश देना चाहते हैं?

15

(ङ) जलप्लावन का क्या कारण है?

(च) हरिवंशराय बच्चन का साहित्यिक परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) गौरव गलित हुआ, गुरुता का
निष्प्रभ क्षीण शरीर हुआ,
आज खड्ग की धार कुंठिता
है खाली तूणीर हुआ।

अथवा

अस्तु मैं उपार्जन को अक्षम
कर नहीं सका पोषण उत्तम
कुछ दिन को, जब तू रही साथ,
अपने गौरव से झुका माथ।

(ख) साँसों की समाधि-सा जीवन,
मसि-सागर का पंथ गया बन,
रुका मुखर कण-कण का स्पंदन,
इस ज्वाला में प्राण रूप फिर से ढलने दो!

अथवा

चिर-किशोर-वय, नित्यविलासी-सुरभित जिससे रहा दिगंत;
आज तिरोहित हुआ कहाँ वह मधु से पूर्ण अनंत वसंत?

5. उत्तर दीजिए : 12×2=24

(क) 'बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ' कविता के मूल भाव को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'आशा' सर्ग के प्रतिपाद्य को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

15

(ख) पठित कविताओं के आधार पर 'निराला' की काव्य-स्वर सम्बन्धी विशेषताओं का आकलन कीजिए।

अथवा

'हिमालय' कविता में चित्रित स्वातंत्र्य चेतना पर प्रकाश डालिए।

★★★